दिनांकः 26.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

किसान क्रेडिट कार्ड के तहत देश में अब तक कुल दस लाख करोड रुपये से अधिक के ऋण दिए जा चुके हैं। इससे सात करोड 72 लाख किसानों को लाभ पहुंचा है। किसान क्रेडिट कार्ड से किसान बीज, खाद और कीटनाशक की खरीद के लिए ऋण ले सकते हैं। इस कार्ड से सात प्रतिशत की ब्याज दर पर तीन लाख रुपये का अल्पाावधि ऋण लिया जा सकता है। किसानों को कर्ज का शीघ्र भुगतान करने पर 3 प्रतिशत का अतिरिक्त भुगतान प्रोत्साहन दिया जाता है। इसके बाद ब्याज की दर घटकर 4 प्रतिशत रह जाती है।

000

विधानसभा में कल राज्य बजट 2025–26 पर हुई चर्चा का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जवाब देंगे। कल ही मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग वित्तीय समितियों के निर्वाचन के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। वहीं विधायक दीप्ती किरण माहेश्वरी नियम समिति 2024–25 का दूसरा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगी। आज महाशिवरात्रि के अवकाश के कारण सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे फिर शुरू होगी।

000

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में आज से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिन के इस कार्यक्रम की इस वर्ष की थीम "वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार में भारतीय युवाओं को विकसित भारत के लिए वैश्विक नेतृत्व के वास्ते सशक्त बनाना" है। यह समारोह युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से हो रहा है।

इसमें व्यापक स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधिया और प्रतियोगिताएं होंगी। इस अवसर पर प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान, वैज्ञानिक पोस्टर, मॉडल और नवाचारों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

000

नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से आज जयपुर में गैर सीमा क्षेत्र युवा आदान प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर ने बताया कि पांच दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जम्मू, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से पांच–पांच प्रतिभागी सहित कुल 27 लोग भाग लेंगे। श्री मधुकर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और समाज सेवा की भावना विकसित करना है।

000

महाशिवरात्रि के पर्व पर आज प्रदेशभर के सभी मंदिरों और शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिरों में सहस्त्र घट और रुद्राभिषेक सहित विभिन्न अनुष्ठान कराए जा रहे हैं। शिवालयों में तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। राजधानी जयपुर के सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में प्रयागराज से लाए गए 42 हजार लीटर गंगाजल से भोलनाथ का अभिषेक हो रहा है। वहीं ताड़केश्वर और झाड़खंड महादेव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पुलिस और मंदिर कमेटी के सेवादारों ने व्यवस्थाएं संभाल रखी हैं और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है।

बाडमेर के हरपालेश्वर मंदिर में मेला लगाया गया है। कौमी एकता और सद्भाव के प्रतीक इस मंदिर में हिंदु और मुस्लिम दोनों एक साथ शिव जी की पूजा अर्चना करते हैं। जैसलमेर के देवचंद्रेश्वर मंदिर में भी मेला भर रहा है। डूंगरपुर के शिवालयों में शाम को विशेष झांकी सजाई जाएगी और भगवान शिव की शोभायात्रा निकाली जाएगी। कोटा के थेगडा शिवपुरी धाम पर स्थापित पांच सौ पच्चीस शिवलिंगों के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी हुई हैं। सवाईमाधोपुर के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है। राज्य के अलावा अन्य स्थानों से

भी भक्त काफी संख्या में भगवान शिव के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहां आज मुख्य मेला भर रहा है।

000

और अब महाकुंभ से जुड़ी खबरें –

..........

प्रयागराज में चल रहा महाकुम्भ आज महाशिवरात्रि के शाही और आखिरी स्नान के साथ सम्पन्न होगा। इस अवसर पर देशभर से आए श्रद्धालु तड़के से ही संगम और अन्य घाटों पर स्नान कर रहे हैं। तेरह जनवरी से शुरू हुए महाकुम्भ में अब तक साढे 64 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री डुबकी लगा चुके हैं। आज आखिरी दिन श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

..............

000

प्रदेश में आज राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर बादल छाए हुए हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल से नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। इसके असर से बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कई स्थानों पर तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। वहीं बीकानेर संभाग के क्षेत्रों में आज कहीं–कहीं हल्की बरसात हो सकती है। एक मार्च को भी राज्य के कुछ भागों में बारिश का दौर जारी रहेगा। इस बीच, बीते 24 घंटों में राज्य के 18 शहरों में दिन का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 32 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान जालौर में दर्ज हुआ।

000